इंटीग्रेटेड खेती के लिए दो गांव चयनित, वैज्ञानिक पहुंचे

रोसड़ा, जाप्र : एनएआईपी के तहत रोसड़ा प्रखंड के दो गांवों का चयन किया गया है। जहां किसानों को समूह बनाकर इंटीग्रेटेड खेती करने का प्रशिक्षण देते हुए उक्त तकनीकी को अपनाने पर बल दिया जायेगा। यह जानकारी देते हुए राजेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. देवेन्द्र कुमार ने बताया कि सरकार के स्तर पर जिला के दो प्रखंडों रोसड़ा एवं पूसा के दो-दो गांवों का चयन किया गया है। जिसके अंतर्गत रोसड़ा के कलवाड़ा एवं मब्बी गांव का चयन किया गया है। शुक्रवार को दोनों गांवों में पहुंचे वैज्ञानिकों के दल द्वारा किसानों को उक्त तकनीक की जानकारी दी गई। जिसमें एक ही स्थान पर मछली पालन, मुर्गा फार्म एवं खेती करने की जानकारी दी गई। मौके पर वैज्ञानिक डा. नवनीत कुमार, डा. युगेश्वर सिंह, एवं डा. दिव्यांशु शेखर के अलावा नारायणजी, डा. बाबू प्रसाद महतो, ई. फूलेन्द्र कुमार सिंह, आंसू, कौशल किशोर सिंह, रामप्रकाश महतो, प्रवीण कुमार, रविन्द्र कुंवर एवं विजय कुंवर आदि मौजूद थे।